बिहार सरकार

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर

संभाग : समग्र शिक्षा

शिक्षा भवन, तिरहुत एकेडमी विद्यालय के निकट,

काशीपुर, समस्तीपुर–848101

E-mail - bepssasamastipur@gmail.com

कार्यालय आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के आदेश ज्ञापांक 4834 दिनांक 19.07.2023 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में रिक्त पदों पर नियोजन हेतु बाह्य एजेंसी द्वारा कुल पाँच पदों यथा वार्डेन–सह–शिक्षिका, अंशकालिक भाषा शिक्षिका, अंशकालिक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका, अंशकालिक विज्ञान एवं गणित शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–सहायक के पद पर लिखित परीक्षा आयोजनोपरांत प्रेषित मेधा सूची में चयनित कार्मिकों की काउन्सिलिंग दिनांक 28.07.2023 को पूर्वाहन् 09:30 बजे आर॰एस॰बी॰इंटर स्कूल, काशीपुर, समस्तीपुर में निर्धारित की जाती है। नवचयनित अभ्यर्थियों के काउन्सिलिंग हेतु जाँच दल का गठन निम्नवत् किया जाता है :–

क्र॰सं॰	नाम एवं पदनाम	नाम एवं पदनाम	काउन्सिलिंग पद
01	श्री राजेश कुमार ठाकुर, ए॰डी॰पी॰सी॰, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	मो0 शफीक, कार्यक्रम सहायक, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	वार्डेन–सह–शिक्षिका
02	श्री सुरेश राम, ए॰पी॰ओ॰, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	श्री पंकज कुमार सिन्हा, ओ॰ए॰ बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	अंशकालिक भाषा शिक्षिका
03	श्री रमण कुमार पासवान, ए॰पी॰ओ॰, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	श्री रूपक कुमार, स्टेनो–सह–टाईपिस्ट, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	अंशकालिक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका
04	श्रीमती सीमा, ए॰आर॰पी॰, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	श्री लोकेश कुमार कर्ण, स्टेनो–सह–टाईपिस्ट, बि॰शि॰परि॰,सम॰	अंशकालिक विज्ञान एवं गणित शिक्षिका
05	श्रीमती कुमारी रीना, ए॰आर॰पी॰ बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	श्री जितेन्द्र कुमार, ए॰आर॰पी॰, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर	लेखापाल–सह–सहायक

जाँच दल के सभी सदस्यों को निदेश दिया जाता है कि मूल प्रमाण–पत्र सत्यापन के क्रम में इस बात का ध्यान रखेंगे कि सभी प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 20 जनवरी, 2023 के पूर्व का निर्गत हो तथा सभी प्रमाण–पत्र के॰जी॰बी॰भी॰ नियोजन मार्गदर्शिका में निर्धारित पदवार शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक अर्हता के अनुसार हो। सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र का मूल प्रमाण–पत्र से करते हुए आवेदन में अंकित सूचना के अनुरूप है कि नहीं जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।

(मानवेन्द्र कुमार राय)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा॰ शि॰ एवं सर्व शिक्षा अभि॰,
सह–सदस्य सचिव,
जिला नियोजन समिति, समस्तीपुर।

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर

संभाग : समग्र शिक्षा

शिक्षा भवन, तिरहुत एकेडमी विद्यालय के निकट,
काशीपुर, समस्तीपुर–848101

E-mail - bepssasamastipur@gmail.com

बिहार सरकार

ज्ञापांक : BEP/KGBV/131/2019-20/निम्न– 1162 दिनांक : 27 / 07 / 2023

प्रतिलिपि : एजेंसी द्वारा विभिन्न पदों के लिए उपलब्ध कराई गई औपबंधिक चयनित सूची के सभी अभ्यर्थियों को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि काउन्सिलिंग की निर्धारित समय पर सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक एवं उसकी सत्यापित दो छायाप्रति के साथ ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : प्राचार्य, आर॰एस॰बी॰इंटर विद्यालय काशीपुर, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि काउन्सिलिंग हेतु साफ कराकर हॉल एवं कमरा आरक्षित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जाँच दल के सभी सदस्य, बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला नियोजन समिति के सभी सदस्य को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि : जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि : राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को सूचनार्थ समर्पित। अनुरोध है कि आउटसोर्सिंग नियोजन एजेंसी के वेबसाईट पर काउन्सिलिंग की सूचना प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

प्रतिलिपि : राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

25/7/23

(मानवेन्द्र कुमार राय)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा॰ शि॰ एवं सर्व शिक्षा अभि॰,
सह–सदस्य सचिव,
जिला नियोजन समिति, समस्तीपुर।